झज्जर के बॉक्सर भारत जून का यूथ बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में हुआ चयन

चर्चा में क्यों?

3 अक्टूबर, 2022 को हरियाणा के झज्जर ज़िले के बॉक्सर भारत जून का स्पेन में आयोजित होने वाली यूथ बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप (14 नवंबर से 26 नवंबर तक) में चयन होने की जानकारी उनके कोच हितेश देशवाल ने दी।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि भारत जून ने गुवाहाटी में संपन्न हुई यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिये भाग लिया था। वहीं, अब उनका चयन भारतीय मुक्केबाजी यूथ टीम में हुआ है, जिससे अब वह स्पेन में आयोजित होने वाली यूथ बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेगा।
- कोच हितेश देशवाल ने बताया कि भारत जून ने सर्बिया में 12 से 19 सितंबर तक चलने वाले 92 प्लस मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता है। सर्बिया में उनका यह तीसरा स्वर्ण पदक था। भारत जून ने इससे पहले एशियन खेलों में भी दो स्वर्ण पदक जीते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/boxer-bharat-joon-selected-in-youth-boxing-world-championships